कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009
दूरभाष/TELE: 040-27843385 **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं./No.AN/I/1005/Volunteers **दिनांक/Dated: 25.08.2015**

सेवा में,
मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग,
र.ले.नि., सिकंदराबाद के अधीन सभी अधीनस्थ कार्यालय

विषय : स्थानांतरण - स्थापना - र.ले.वि. : उत्तरी क्षेत्र के लिए स्वेच्छा कर्मचारी ।

****

उत्तरी क्षेत्र के छ: केंद्रीय रूप से नियंत्रित स्टेशनों अर्थात् भदरवा, कर्गिल, लेह, पूँच, राजौरी और श्रीनगर में तैनाती हेतु मुख्यालय कार्यालय ने इस संगठन के उन स.ले.अ./व.ले.प./ले.प./लिपिकों/एम.टी.एस में से स्वेच्छा कर्मियों की मांग की है जिन्होंने वर्तमान स्टेशन में कम से कम तीन वर्षों की सेवावधि पूरी की हो ।

इस पत्र के साथ संलग्न अनुलग्नक "ए-1" के अनुसार स्वेच्छा कर्मियों के संपूर्ण सेवा-विवरण तथा अन्य विवरण भेजे जाएं । कर्मचारियों को यह भी सूचित किया जाए कि चयन के समय जिन कर्मचारियों के पास कम से कम दो वर्षों की सेवावधि सेवानिवृत्ति के पूर्व शेष है, उत्तरी क्षेत्र में तैनाती के लिए केवल उनके ही मामलों पर विचार किया जाएगा । यदि किसी आवेदक ने किसी अन्य स्टेशन को भी स्थानांतरण हेतु आवेदन दिया है तो सूची में उनके नाम के सामने इस संबंध में पृष्ठांकन किया जाए ।

मुख्यालय कार्यालय ने यह भी निदेश दिया है कि कर्मचारियों को सूचित किया जाए कि एक बार सहमति देने के बाद, पैनल की मान्यता रहने तक कर्मचारियों को अपना नाम आहरित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी बशर्ते कि कोई बहुत ही महत्वपूर्ण चिकित्सीय/व्यक्तिगत कारण हो । स्थानांतरण आदेश जारी किए जाने के उपरांत आदेश को रद्द करने की किसी भी प्रार्थना को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

उपरोक्त रिपोर्ट दिनांक 05.09.2015 तक अनिवार्य रूप से इस कार्यालय को पहुँच जानी चाहिए ।

<u>शून्य रिपोर्ट भेजना भी आवश्यक है</u> ।

हस्ता/-
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)

प्रतिलिपि:
ई.डी.पी. अनुभाग (स्थानीय) : कार्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

हस्ता/-
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)